

नवभारत 09
सतना, सोमवार, 13 अप्रैल, 2026

# पानी की व्यवस्था के लिए सीएमओ खुद उतरे मैदान में

## कोठी में नव भारत की जल संकट की खबर का असर

नवभारत न्यूज

**कोठी 12 अप्रैल। कई बार हमारे समाचार पत्र नव भारत में कोठी नगर में पीने के पानी की किल्लत होने का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद आखिरकार नगर परिषद कोठी के सीएमओ की नींद खुल गई है और अब वह अपने कर्मचारियों के साथ व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मैदान पर उतर गए हैं।**

सीएमओ कोठी बाजार वार्ड क्रमांक 8 में पिछले 40 वर्षों से पड़ी हुई पाइपलाइन गल जाने सेक्षजगह-जगह है उसको ठीक करने के लिए मशक्कत करने में जुटे हुए हैं क्योंकि इसमें दिक्कतें भी काफी हैं जगह-जगह लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है और नाली के ऊपर चबूतरा बनाकर नाली को सभी जगह से पैक कर दिया है जिसकी वजह से समस्या और अधिक उत्पन्न हो रही है क्योंकि पुरानी पाइपलाइन नाली के पास से ही गुजरने के कारण खराब हो गई और अब फिर नई पाइपलाइन भी नाली के पास से ही डाली जाने के लिए कार्य किया जा रहा है जिसके लिए नाली पर बने हुए चबूतरा को तोड़ा जा रहा है और कार्य की शुरुआत की जा चुकी है जल्द ही यह सुव्यवस्थित तरीके से तैयार हो जाएगी जिससे वार्ड क्रमांक 8 के लोगों की समस्या का समाधान हो जाएगा क्योंकि इसी वार्ड में दूषित पानी की सप्लाई की शिकायतें पिछले लंबे समय से चल रही थी।





कोठी वासियों को सही तरीके से पीने का पानी भी नसीब नहीं

अध्यक्ष ही नगर परिषद की कार्यप्रणाली से दुखी

तीन - तीन टंकी के बाद भी पानी नसीब नहीं

### अन्य वार्डों में भी कार्य किए जाने की आवश्यकता

कोठी के बाजार में कार्य शुरू होते देख नगर के अन्य वार्डों के लोगों ने भी कोठी सीएमओ से आशा व्यक्त की है कि इसी प्रकार से कोठी सीएमओ अन्य वार्डो पर भी जल्द से जल्द कार्य शुरू करेंगे जहां पर पेयजल की व्यवस्था सही नहीं है क्योंकि कोठी नगर के रहवासी वह सभी हैं कोठी के वार्ड क्रमांक एक दो एवं पांच में यह समस्या अति गंभीर है जहां के रहवासी नदी अथवा निजी स्रोतों के साथ-साथ हैंडपंपों एवं कुओं से निर्भर है जहां अब गर्मी के चलते भूजल स्तर नीचे चले जाने से समस्या गंभीर होती चली जा रही है क्योंकि गर्मी दिन पर दिन ही अपने रूप में आएगी और पानी ही गर्मी से छुटकारा दिलाने का मुख्य है साधन है इसलिए नगर के लोग बेसब्री से पीने के पानी की व्यवस्था के इंतजार में है।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने दबोचा

## यूपी और एमपी के मंदिरों को चोर बना रहे थे निशाना, चोरों के पास से सात किलो चांदी समेत मूर्तियां बरामद

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 12 अप्रैल। उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के चार चोरों को चित्रकूट पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का 7 किलो 318 ग्राम चांदी, हनुमान जी का गदा, आरती की थाली और 65 हजार 700 की नगदी सहित घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद करने में बड़ी सफ्लता हासिल की है।**



आपको बता दे कि बीते दिनों चित्रकूट के भरतकूप मंदिर, बाल हनुमान आश्रम और अकेलवा बाबा आश्रम में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर मूर्तियों के चांदी से बने मुकुट, क्षत्रक और गदा सहित पूजा सामग्री चोरी किया था जिन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीम लगी हुई थी जिसपर आज पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर चित्रकूट की तीन चोरी सहित 6 चोरी की घटना का खुलासा किया है। चित्रकूट के पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए बताया है कि बीते दिनों फ्रवरी से लेकर अप्रैल तक तीन बड़ी चोरियां हुई थी जो चोरों ने भरतकूप, पहाड़ी और कर्वी थाना क्षेत्र के मंदिरों से मूर्तियों के मुकुट, क्षत्रक और गदा चोरी किए थे जो कर्वी के बाल हनुमान आश्रम मंदिर में हुई चोरी से पुलिस को एक क्लू मिला था जिसमें एक सीसीटीवी फुटेज में दो बाइक सवार युवक संदिग्ध दिखे थे जिनको ट्रैक एमपी चित्रकूट तक ट्रैक किया गया था लेकिन वहां से यह आगे लापता हो गए थे इसी बीच पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि वह जिन दो बाइक सवार व्यक्तियों की तलाश कर रहे है वह संदिग्ध बाइक सवार दोनों व्यक्ति सीतापुर के बंदर कोल के पास खड़े है जिसपर पुलिस ने तुरंत इनकी घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया जिनसे पूछताछ में पता चला कि इनके दो और साथी है जो एक सुनार है और दूसरा उनकी गैंग का सदस्य है जो चुराई हुई चांदी को आगरा बेचने के लिए जा रहे है जिनको भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिनसे पूछताछ में खुलासा हुआ कि तीन चित्रकूट की चोरी एक फ्तेहपुर की चोरी, एक बांदा की चोरी और एक नया गांव सतना की कुल 6 चोरी की घटनाएं स्वीकार किया है इनसे शतप्रतिशत चोरी का सामान बरामद हो गया है जो हमारे यहां चांदी का सामान चोरी किया था इसके अलावा 3 अन्य घटनाओं का भी सामान बरामद हुआ है। मंदिरों से चोरी किए मुकुट क्षत्रक को इन्होंने मेल्ट कर सिल्ली के रूप में बना लिया था जिसे यह लोग डिस्पोजल करने जा रहे था। इन्होंने एक लोढ़वारा वाले मंदिर से गदा चोरी किया था जिसे इन्होंने दूसरे मंदिर में 21 रुपए की दक्षिणा के साथ पुजारी के पास भगवान के चरणों में चढ़ा दिया था जिसे भी बरामद कर लिया गया है। इनके कुंडे काटने के उपकरण और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल भी बरामद हुए है इस तरह चोरी के कुल 7 किलो 318 ग्राम चांदी बरामद हुई। पकड़े गए चोर विजय कुमार शुक्ला निवासी आगरा, बाबरशाह निवासी बिजनौर, मोहनलाल पटेल निवासी कौशाम्बी और कामता प्रसाद निवासी फ्तेहपुर है। इन सभी का जो सरगना है विजय शुक्ला है जो वह मूल रूप से राजापुर का रहने वाला है जो 20 सालों से यहां से लापता है।

### चोर मंगल और शनिवार को नहीं करते हाथ साफ

इसने सबसे पहले मूर्ति चोरी की घटना किया था इसके बाद एक मर्डर किया था जिसके बाद इसकी हिस्ट्री खुल गई थी जब से यह लापता था और यह आगरा में जाकर रहने लगा था जो कुछ दिन बाद फ्रि से जड़ी बूटी तेल व्यवसाय के सिलसिले से फ्रि वापस चित्रकूट आया और इस धंधे में शामिल हो गया पूछताछ में इसने बताया है कि वह शनिवार और मंगल को चोरी करने और मूर्तियों के मुकुट हटाना और क्षत्रक हटाने से बचता हूँ क्यों कि इससे पाप लगता है जिसके लिए उसने मुस्लिम साथी बाबरशाह को रखा था क्यों कि उनके यहां मूर्ति पूजा नहीं होती जिससे उसका प्रयोग करता था लेकिन चोरी के वक्त उनका मुस्लिम साथी के साथ कोई न कोई रहता था जिससे पारदर्शिता बनी रहती थी मंदिरों को इसलिए निशाना बनाते थे क्यों कि उन्हें चोरी करने में आसानी रहती थी।



# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में संघर्ष संयुक्त मोर्चा ने एस डी एम को ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**नागौद 12 अप्रैल। शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा, ब्लॉक इकाई नागौद द्वारा टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता के विरोध में ब्लॉक स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं एवं मांगों पर विचार-विमर्श किया।**

बैठक में सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा कक्षा 1 से 8 तक अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता संबंधी आदेश पर पुनर्विचार याचिका दायर किए जाने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। इस संबंध में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) नागौद को सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित सिविल अपील क्रमांक 1385/2025, 1386/2025 एवं अन्य समरूप याचिकाओं के आदेश दिनांक 1 सितंबर 2025 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों का हवाला दिया गया है। साथ ही यह भी बताया गया कि मध्यप्रदेश में वर्ष 1998 से 2000 के बीच शिक्षाकर्मी भर्ती एवं अन्य नियुक्तियां शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार की गई थीं।

मोर्चा ने अपने ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया कि वर्ष 2005 एवं 2008 में संविदा शाला शिक्षक एवं गुरुजी की पात्रता परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, जिनमें उत्तीर्ण होने के बाद ही नियुक्तियां की गई हैं। वर्तमान में शिक्षक विगत 20-25 वर्षों से निरंतर सेवा दे रहे हैं और शासन द्वारा जारी प्रमाण पत्र उनकी योग्यता को प्रमाणित करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के सिविल अपील क्रमांक 2634/2013 में यह स्पष्ट किया गया है कि नियुक्ति के बाद सेवा शर्तों में परिवर्तन नहीं किया जा सकता।

### शिक्षकों ने कहा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त हो

अत: शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए एवं इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए। यदि सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर नहीं की जाती है तो प्रदेश के लाखों शिक्षकों का भविष्य अंधकार मय हो सकता है। उनकी नौकरी खतरे में पड़ सकती है। बैठक के पश्चात टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन तहसीलदार नागौद को सौंपा गया।

# मानसी गैस एजेंसी के सामने प्रशासन का आदेश हवा हवाई

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 12 अप्रैल ।गैस की समस्या को लेकर जितनी समस्या का सामना अमरपाटन तहशील क्षेत्र के लोगों को करनी पड रही है शायद ही अन्य जगह इस तरह से अराजकता हो।**

आश्चर्य की बात हैं कि अमरपाटन मानसी गैस एजेंसी की संचालिका के पति सोहनलाल वर्मा वा उसके एक मुंह लगे कर्मचारी के आगे प्रशासनिक अधिकारी तक लाचार क्यों नजर आ रहे हैं। जो बार बार शासन प्रशासन के आदेश निर्देशों को हवा में ऊडा रहा है आखिर अमरपाटन के अधिकारियों के पास ऐसी कौन-सी लाचारी है जो इस भीषण गर्मी वा धूप में बुजुर्ग महिलाएं पुरूष के साथ दुध मुहें बच्चों को लेकर गैस के लिये सुबह से शाम तक लाईन में लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पाता ऐसे में क्या हालत होती है। शायद ही यहां के प्रशासनिक अधिकारी समझ सकते यहां के हालात देखकर तो ऐसा लगता है जैसे ये भी गैसें एजेंसी के साथ मिलकर उपभोक्ताओं के साथ खेला करने में लगे हुये है नहीं तो विगत दिवस जब लोगों ने सतना रोड़ में जाम लगाया था। उस समय एस डी एम, तहशीलदार वा थाना प्रभारी के सामने स्पष्ट निर्देश दिये गये थे कि अब यहां से एक भी गैस नहीं बटेगी अब सीधे होम डिलीवरी होगी बाकायदा सूचना भी गैस एजेंसी में चस्पा करवाईं गई।

# पुल के नीचे जाने से बाल-बाल बचा बाइक सवार

## सेमरावल पुल की टूटी है रेलिंग, जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में

नवभारत न्यूज

**कोठी 12 अप्रैल। सतना - चित्रकूट मार्ग में कोठी के 3 किलोमीटर पहले पड़ने वाले ग्राम पंचायत पोड़ी के सेमरावल नदी पर बने हुए पुल की रेलिंग जहां पिछले कई वर्षों से टूटी हुई है और अब हालात ऐसे हो गए हैं कि पुल दोनों साइड पूरी तरह से मुंडा होता जा रहा है और लोग आए दिन गंभीर हादसे का शिकार होने से बच रहे हैं।**



आज एक मोटरसाइकिल सवार ने बताया कि यदि प्रभु की कृपा नहीं हुई होती तो आज मेरे जीवन पर बात आ गई थी मोटरसाइकिल सवार राहगीर ने बताया कि मैं सतना की तरफ से आ रहा था और अचानक जैसे ही पुल के पास पहुंचा तो मेरी मोटरसाइकिल पंचर हो गई और स्पीड में होने की वजह से लहराने लगी और पुल की रेलिंग टूटी हुई थी लगा कि पुल के नीचे चली जाएगी परंतु काफी ज्यादा मशक्कत एवं कंट्रोल की वजह से संभल गई और नीचे जाते-जाते बाल बाल बची साथ ही गनीमत थी कि सामने से कोई वाहन वहां नहीं आया अन्यथा साइड लेने पर मैं टकरा जाता या पुल के नीचे चला जाता। कुल मिलाकर प्रभु की कृपा से मेरी जान बच गई। विडंबना इस बात की है कि इस मार्ग की रेलिंग के टूटे होने की जानकारी हमारे समाचार पत्रों द्वारा कई बार जिम्मेदारों तक पहुंचाई गई फिर भी जिम्मेदार ऐसी नींद पर सोए हुए हैं कि जैसे कोई कुंभकरण हो और कई बार जगाने में तो कुंभकरण भी जाग जाता है परंतु विभागीय अधिकारी कुंभकरण के भी गुरु निकले और बड़े हादसे के इंतजार में समय गुजार रहे हैं क्योंकि पूर्व में भी इस पुल में हादसे हो चुके हैं हादसों की वजह से ही पुल की दोनों तरफ की रेलिंग टूट चुकी है और देखने सुनने वाला कोई नहीं है जबकि इस मार्ग से सभी निकलते हैं। यह प्रभु श्री रामचंद्र की तपोस्थली जाने का एकमात्र मार्ग है और यहां पर देश-विदेश के साथ स्थानीय पर्यटक एवं दर्शनार्थी तथा भक्तगण भी आते जाते हैं और जिले से लेकर प्रदेश के सभी आला अधिकारी एवं प्रशासनिक अमला सहित सभी जनप्रतिनिधि भी गुजरते हैं चाहे वह कलेक्टर हो सांसद मंत्री विधायक अथवा अन्य कोई भी परंतु आज तक इस पुल की टूटी हुई रेलिंग किसी भी जिम्मेदार को नहीं दिखी और लोग आए दिन घटना का शिकार हो रहे हैं प्रभु की कृपा से बड़ी घटना होने से बच रही है।

## एक नजर में



### भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष ने किया रक्तदान

**रामपुर बाघेलान।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष एवं दिव्यदृष्टि सेवा परिषद् के संस्थापक सचिव पुष्पराज कुशवाहा ने मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सातवीं बार स्वेच्छा से रक्तदान किया। वे जबलपुर स्थित बंशल ब्लड बैंक पहुंचकर जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। इस अवसर पर पुष्पराज कुशवाहा ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने का सबसे सरल और पुण्य कार्य है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करें, ताकि आपात स्थिति में किसी की जान बचाई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और यह पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है। रक्तदान के इस पुनीत कार्य में रमाकांत कुशवाहा ने भी सहभागिता निभाते हुए रक्तदान किया। समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय पुष्पराज कुशवाहा का यह कदम न केवल मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करता है, बल्कि युवाओं को भी सामाजिक दायित्व निभाने के लिए प्रेरित करता है।

### कांग्रेस मनाएगी चक्रवर्ती सम्राट अशोक एवं डॉ अंबेडकर जयंती

**कोठी।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की 2330 वीं जयंती एवं डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के तत्वावधान में समारोह कोठी के मुस्कान मैरिज गार्डन में 14 अप्रैल को दोपहर 3 मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के अध्यक्ष विनय सिंह गुड्डा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की मुख्य मौजूदगी सहित अन्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं नगर के सम्मानित नागरिकों सहित आम जनमानस की मौजूदगी में आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी ने आयोजन में अधिक से अधिक कांग्रेस जनों एवं समस्त क्षेत्रीय जनो से अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाएं जाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### जैन मुनि सुब्रतनाथ का निधन



**नागौद।** नगर के मुनि सुब्रतनाथ (जैन मंदिर के पूर्व अध्यक्ष अरुण जैन) का 67 वर्ष की उम्र में कल प्रात: निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर फैल गई है। परिवार एवं समाजजनों के अनुसार, स्वर्गीय जैन का अंतिम संस्कार कल प्रात: 11 बजे शंकर बाग मुक्ति धाम में विधि विधान समाज लोगों की उपस्थिति में संपन्न हो गया। अरुण जैन सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे और जैन समाज में उनका विशेष योगदान रहा। समाज के लोगों और गणमान्य नागरिकों गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### टीईटी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**अमरपाटन।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर आज एस?एम कार्यालय अमरपाटन में शिक्षकों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया हैं। मोर्चा के संयोजक सदस्य ब्रजनंदन तिवारी ने बताया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले में आरटीई अधिनियम वर्ष 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों को दो वर्ष के अंदर टीईटी पास करना अनिवार्य किया गया है। कोर्ट का यह आदेश कक्षा 1 से 8 वीं तक शिक्षण कार्य के लिए नियुक्त शिक्षकों के संबंध में लागू होगा। न्यायालय के इस फैसले के बाद लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा परीक्षा के संबंध में सूचना जारी कर दी गई है जिसके चलते प्रदेश के साथ अन्य राज्यों में बडी संख्या में प्रभावित शिक्षकों को नौकरी खोने का खतरा बन गया है और इसको लेकर विभिन्न राज्यों के साथ प्रदेश में शिक्षकों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए इस फैसले को समाप्त किए जाने की मांग की जा रही है इसी तारतम्य में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा इकाई विकास खंड अमरपाटन के शिक्षक नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय अमरपाटन पहुँचे, जहाँ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम अमरपाटन के नाम तहसीलदार अमरपाटन आर डी साकेत को आज ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में उच्चतम न्यायालय के टीईटी की परीक्षा संबंधी फैसले पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की गई, इस दौरान काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे

# सिंहपुर में कैम्प लगाकर लगाए गए एचपीवी के टीके

नवभारत न्यूज

**मझगवां, 12 अप्रैल,। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां के सेक्टर प्रभारी अजीत सिंह मरावी के नेतृत्व में आज सिंहपुर ग्राम पंचायत के पंचायत पंचायत भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।**



शिविर में 3 गांवों मडुलिहाई, सिंहपुर, किरहाई पोखरी से आई हुई 14 से 15 वर्ष के बीच की बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। जो सर्वाइकल कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से बचाव करेगा। शिविर में सिंहपुर पंचायत सरपंच श्रीमती चंदा पांडेय, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक अनिल त्रिपाठी, प?री सचिव, स्वास्थ्य विभाग के सेक्टर प्रभारी अजीत सिंह मरावी, एएनएम अर्चना सिंह, आशा सहयोगनी बबिता सिंह, आशा कार्यकर्ता उमा गर्ग, शैलकुमारी त्रिपाठी, रेखा शिवहरे, आंगनवा?ी कार्यकर्ता पूनम मिश्रा, अरुणा मिश्रा, गु?िया मवासी, मधु सिंह, सविता मिश्रा सहित क्राई फैलो आनंद सहित अन्य समाज सेवी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# जिम्मेदारों की चुप्पी से अतिक्रमण कारियों की मौज

नवभारत न्यूज


**बिरसिंहपुर12 अप्रैल। नगर परिषद बिरसिंहपुर के वार्ड क्रमांक 8 पर स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर की भूमि एवं वार्ड क्रमांक 12 पर स्थित ठोस अपशिष्ट की जमीन से नगर परिषद बिरसिंहपुर के सीएमओ ने अवैध रोड को हटाया था उसी जगह पर दोबारा दबंगों ने रोड बना लिया है, तथाकथित धर्मशाला मालिकों ने नगर के कुछ दलाल किस्म के लोगों की मिली भगत से धर्मशालाओं का स्वरूप बदलकर दुकान पैलेस बना लिया।**

पटवारी हल्का सभापुर में आराजी नंबर 282 सभापुर में आराजी नंबर 27/1आराजी नंबर 29/4 आराजी नंबर 6 एवं 14 आम रास्ते पर दबंग ने जबरदस्ती कब्जा कर जमीन को बेच दिया और लोगों ने अपने पक्के मकान बना लिए शेष आम रास्ते को बंद कर कब्जा करने की फिराक में है साथ ही स्टेट हाईवे 52 पर अवैध गोमती, ठेला, मकान बन जाने से स्टेट हाईवे 52 पर आए दिन जाम लगता है एक्सीडेंट होते हैं जिससे लोगों में वाद विवाद की स्थिति बनती है नगर प्रशासन, जनप्रतिनिध हमेशा की तरह मूकदर्शक बने हुए हैं। यह आरोप मनीष शुक्ला ने लगाया है।

# रजरवार हनुमान मंदिर में श्री रामलला की होगी प्राण प्रतिष्ठा

नवभारत न्यूज

**कोटर 12 अप्रैल। क्षेत्र के ग्राम रजरवार स्थित हनुमान मंदिर में श्री रामलला जी की स्थापना को लेकर 18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है।**




कार्यक्रम की शुरुआत 18 अप्रैल को सुबह 9 बजे नगर भ्रमण एवं कलश यात्रा से होगी। यह कलश यात्रा रजरवार से प्रारंभ होकर अबेर, कोटर, टिकरी, अकौना, मैनपुरा और इटौर होते हुए निकलेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान के जयकारों के साथ शामिल होंगे और विभिन्न स्थानों पर भक्तों को दर्शन का अवसर मिलेगा। 20 अप्रैल को सुबह 6 बजे से श्री रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य आयोजन संपन्न होगा, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से स्थापना की जाएगी। 21 अप्रैल को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# गांव-गांव चलो, बस्ती अभियान में शामिल हुए मैहर विधायक

## ग्राम पंचायत सुहौला में हुआ जनसंपर्क व स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

**अमदरा 12 अप्रैल। रविवार को सभागंज पथरहटा और ग्राम पंचायत सुहौला में गांव-गांव चलो, बस्ती अभियान के अंतर्गत व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गांव की विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर जनसंपर्क किया गया तथा आमजन से संवाद स्थापित किया गया।**



कार्यक्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंडल प्रभारी उत्तम पटेल, कार्यक्रम प्रभारी रमाकांत दुबे, मण्डल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे, संतोष पांडे, विनय पांडे, अंबुज द्विवेदी, मदन कोल विवेक तिवारी संध्या पटेल दिलीप सिंह जगेश्वर पटेल शिवम साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही गांव के बुजुर्ग, माताएं-बहनें एवं युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही इस अभियान का उद्देश्य है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ लेने एवं विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में साफ-सफाई का विशेष अभियान भी चलाया गया। जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने मिलकर मंदिर परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित की और स्वच्छता का संदेश दिया।

इस आयोजन में उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली और ग्रामीणों ने अभियान की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर में जितेंद्र शर्मा, महेश शर्मा, बबलू विश्वकर्मा, सोने लाल सेन, इंद्र कुमार मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे